**खाद्यान्न भंडार**

917. श्री रजनी रंजन साहू : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990-91 के दौरान देश में खाद्यान्न के भंडार में कितनी वृद्धि हुई ; और

(ख) इसी अवधि के दौरान तिलहनों और कपास का कितना उत्पादन हुआ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)** : (क) वर्ष 1990-91 के अन्त में (अर्थात् 31 मार्च को) सार्वजनिक एजेंसियों के पास खाद्य भंडार में 5.54 मिलियन मीटरी टन की वृद्धि हुई है जो 1989-90 के 11.73 मिलियन मीटरी टन से बढ़कर 1990-91 में 17.27 मिलियन मीटरी टन हो गया है।

(ख) वर्ष 1989-90 तथा 1990-91 में तिहलहनों और कपास का उत्पादन इस प्रकार रहा:--

| जिन्स | इकाई | उत्पादन | |
|---|---|---|---|
| | | 1989-90 | 1990-91 (अनन्तिम) |
| तिलहन | मिलियन मीटरी टन | 16.75 | 19.10 |
| कपास | 170-170 कि०ग्रा० की लाख गांठें | 114.1 | 100.0 |

**दिल्ली-मुजफ्फरपुर के बीच नई रेल गाड़ी का चलाया जाना**

918. श्री रजनी रंजन साहू : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निकट भविष्य में दिल्ली-मुजफ्फरपुर और मुजफ्फरपुर-दिल्ली के बीच एक नई रेलगाड़ी चलाई जायेगी ; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)** : (क) जी, नहीं।

(ख) संसाधनों की तंगी के कारण।

**भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद**

919. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खाद्य निगम ने 1991-92 के खरीद मौसम के दौरान जो गेहूं की मात्रा खरीदी है वह पिछले वर्ष खरीदी गई मात्रा की तुलना में बहुत कम है ; और

(ख) यदि हां, तो गेहूं की सरकारी खरीद में हुई इस कमी के क्या कारण हैं ?

**खाद्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तरूण गोगोई)** : (क) और (ख) वर्तमान रबी विपणन मौसम 1991-92 के दौरान